सुविचार

सफलता का आनंद वही ले सकता है, जो मेहनत के पसीने से नहाया हो।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर



सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 47 | पंचकूला। मंगलवार, 24 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया वित्त विधेयक 2026



**नई दिल्ली, 23 मार्च।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में वित्त विधेयक 2026 को पेश किया है। यह काफी अहम कदम है, क्योंकि इससे केंद्रीय बजट 2026-27 में पेश किए गए प्रस्तावों को कानूनी ढांचा मिलेगा। वित्त विधेयक पारित होने के बाद, बजट प्रस्तावों के तहत घोषित आयकर दरों, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क में परिवर्तन प्रभावी हो जाएंगे। वित्त मंत्री ने कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी लोकसभा में पेश किया, और निचले सदन ने इसे आगे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की मंजूरी दे दी। इस विधेयक का उद्देश्य सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है। कंपनी अधिनियम निगमन, कॉर्पोरेट प्रशासन, प्रकटीकरण और विघटन को नियंत्रित करता है, जबकि एलएलपी अधिनियम साझेदारों के लिए सीमित देयता के साथ अधिक लचीला ढांचा प्रदान करता है। इस दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 दो साल के गहन विचार-विमर्श के बाद अब यहां प्रस्तुत किया गया है। कंपनी विधि समिति (सीएलसी) की सिफारिशों और उसकी रिपोर्टों को पूरी तरह से स्वीकार कर लिया गया है।

### कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 71 को जिंदा निकाला



**कोलंबिया।** सोमवार को वायुसेना का एक सैन्य विमान उड़ान भरते समय क्रैश हो गया। इस विमान में 110 कोलंबियाई सैनिक सवार थे। हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 71 सैनिकों को जिंदा बचाया गया है। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि एयरफोर्स का हरक्यूलिस C-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने कहा कि अभी तक यह साफ नहीं है कि हादसे में कितने लोग घायल हुए या उनकी मौत हुई है। राहत और बचाव टीमों को मौके पर भेजा गया है और हालात पर नजर रखी जा रही है। हादसे की वजह की जांच की जा रही है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है और उम्मीद जताई कि इसमें किसी की जान न गई हो। पेट्रो ने कहा कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों।

# होर्मुज का रास्ता रोकना नामंजूर, पश्चिम-एशिया संकट पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## लोकसभा में 25 मिनट का भाषण, कहा- भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है।

पीएम ने कहा कि नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। पीएम ने कहा- 'सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।' उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोरोना के समय हम एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। हमें फिर से उसी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। हमें बहुत सावधान और सतर्क भी रहना है।

पीएम मोदी ने कहा कि हालात का फायदा उठाने वाले झूठ फैलाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों की कोशिशों को सफल नहीं होने देना है। मैं देश की सभी राज्य सरकारों से भी इस सदन के माध्यम से आग्रह करूंगा कि ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए कड़ी निगरानी की जरूरत है। जहां से भी ऐसी शिकायत आती है, वहां त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संकट की स्थिति में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है। पश्चिम एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 3.72 लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान से एक हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। इनमें 700 से अधिक मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं। खाड़ी के देशों में हजारों भारतीय विद्यार्थी पढ़ते हैं। सीबीएसई ने ऐसे सभी भारतीय स्कूलों में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। छात्रों की पढ़ाई लगातार चलती रहे, इसके लिए सीबीएसई उचित कदम उठा रही है।

### नागरिकों और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों का भारत ने किया विरोध

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने भविष्य की तैयारी और बढ़ाते हुए शांति एक्ट के माध्यम से न्यूक्लियर एनर्जी के उत्पादन को प्रोत्साहित किया है। कुछ दिन पहले स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट्स स्कीम को भी हरी झंडी दी गई है। जिससे अगले पांच वर्षों में 1500 मेगा वाट नई हाइड्रो पावर क्षमता जोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां तक डिप्लोमेसी की बात है भारत की भूमिका स्पष्ट है। शुरुआत से ही हमने इस संघर्ष को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। मैंने खुद भी पश्चिम एशिया के सभी संबंधित नेताओं से बातचीत की है।

# ईरानी पावर प्लांट्स पर 5 दिन तक हमला नहीं अमेरिका

## ट्रम्प बोले- जंग खत्म करने पर 2 दिन सकारात्मक बातचीत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**वाशिंगटन, 23 मार्च।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि ईरान के परमाणु संयंत्रों पर अमेरिका अगले 5 दिन तक कोई हमला नहीं करेगा। ट्रंप ने ट्रुथ पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि अमेरिका की ईरान के साथ सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसके बाद वह मिलिट्री को ईरानी पावर प्लांट और ऊर्जा ढांचों के खिलाफ किसी भी सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे। उन्होंने दावा किया कि दोनों देशों के बीच मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को पूरी तरह खत्म करने को लेकर गंभीर वार्ता जारी है।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई की मौत नहीं चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि वे नहीं जानते मुजतबा जिंदा है या नहीं। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो सकता है और इस दिशा में एक खास शख्स से बातचीत की जा रही है।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, ईरान के साथ पिछले दो दिनों में बेहद सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसका मकसद मध्य पूर्व में जारी टकराव का पूर्ण समाधान निकालना है। चर्चाओं का ये दौर पूरे हफ्ते जारी रहेगा। दोनों देशों के बीच गहन और विस्तृत चर्चाओं के सकारात्मक रवैए को देखते हुए, मैंने अमेरिकी रक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि ईरान के पावर प्लांट्स और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को फिलहाल पांच दिनों के लिए टाल दिया जाए।

इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार रात को फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने मौजूदा हालात, खासकर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की जरूरत पर बात की, ताकि वैश्विक शिपिंग दोबारा शुरू हो सके। रविवार को ट्रंप की एक पोस्ट ने हंगामा मचा दिया था। ट्रंप ने 48 घंटे की धमकी ईरान को दी थी। कहा था कि अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज नहीं खोला गया तो ईरान के बड़े बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया जाएगा।



### ईरानी मीडिया का दावा- चेतावनी के बाद ट्रम्प पीछे हटे

ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने सोर्स के हवाले से कहा है कि ट्रम्प के साथ कोई सीधी या अप्रत्यक्ष बातचीत नहीं हुई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान की चेतावनी के बाद ट्रम्प पीछे हटे। सूत्र के मुताबिक, ईरान ने संकेत दिया था कि अगर उसके पावर प्लांट पर हमला हुआ तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। फार्स की रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ट्रम्प ने बातचीत होने की बात कही थी, लेकिन ईरानी पक्ष ने किसी भी तरह के संपर्क से इनकार किया है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है और अमेरिका की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# गांव अभयपुर में बलिदानियों को किया नमन



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की 95वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को वार्ड नंबर 10 के गांव अभयपुर में एक भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। युवा नेता अंकुश निषाद के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर देश के वीर सपूतों को नमन किया और उनकी शहादत को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देशभक्ति के नारों के साथ माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम में लोगों ने एक स्वर में कहा कि शहीदों का बलिदान देश के लिए अमूल्य है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। अंकुश निषाद ने कहा कि शहीदों के बलिदान से हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिलती है और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वार्ड नंबर 10 की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने के लिए वे हर समय तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, वरिष्ठ नेता हरेंद्र मलिक, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की पूर्व महासचिव एवं भाजपा प्रवक्ता रंजीता मेहता, पार्टी नेता अनीश अग्रवाल और जसवंत सिंह तंबड़ सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीदों को नमन करते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम ने न केवल शहीदों की यादों को ताजा किया, बल्कि समाज में देशभक्ति और जनसेवा की भावना को भी मजबूत करने का कार्य किया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति कैंप, आंखों की जांच के लिए शिविर भी लगाया। जिसमें 200 लोगों ने जांच करवाई सैकड़ो लोगों को निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे ब्लूप्रेशर, मधुमेह, ऑक्सीजन लेवल, वजनवजन और अंत में सभी को भंडारा भी वितरित किया गया।

# मोरनी से माता समलौथा देवी तक 18 किमी ट्रैक, छात्राओं ने दिखाया उत्साह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 23 मार्च।** हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आज मोरनी से माता समलौथा देवी तक लगभग 18 किलोमीटर का ट्रैक आयोजित किया गया। यह 3 दिवसीय ट्रैकिंग कार्यक्रम हरियाणा विश्वविद्यालयों की छात्राओं के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं।

इस ट्रैकिंग कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से उन्हें प्रकृति के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो रहा है।



युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा युवा कल्याण योजना के अंतर्गत पूर्व में भी कई ट्रैकिंग अभियानों का सफल आयोजन किया जा चुका है और वर्तमान में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना का विकास हो सके।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं।

# अपनी फौज को जाने कार्यक्रम से दी शहीदों को श्रद्धांजलि

- **आधुनिक सैन्य उपकरणों के साथ ही ड्रोन तकनीक के बारे में भी जानकारी हासिल की**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला 23 मार्च।** सेक्टर -1 स्थित गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे सात दिवसीय कैंप के चौथे दिन सोमवार को शहीदी दिवस के अवसर पर ज्ञान सेतु थिंक टैंक द्वारा चंडीगढ़ सिटिज़न्स फाउंडेशन के सहयोग से ÷अपनी ?ौज को जाने÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर चंडीमंदिर स्थित भारतीय सेना के पश्चिमी कमान द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए विशेष आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पहल आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.के. कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम तथा चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल पुनीत आहूजा, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने नवनिर्मित युद्ध स्मारक पर जाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आर्मी म्यूजियम का अवलोकन कर भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास और परंपराओं से परिचित हुए। उन्हें सेना के पश्चिमी कमान एवं ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म भी दिखाई गई। साथ ही आधुनिक सैन्य उपकरणों एवं ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन भी कराया गया, जिसने विद्यार्थियों को अत्यंत प्रभावित किया।

हाथों में तिरंगा थामे एनएसएस स्वयंसेवकों ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव अमर रहें, इंकलाब जिंदाबाद एवं भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत करते हुए भव्य तिरंगा रैली निकाली।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने किए माता मनसा देवी के दर्शन, लिया आशीर्वाद



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 23 मार्च।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन आज पंचकूला के एतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का माता मनसा देवी मंदिर पहुँचने पर प्रशासन और श्राइन बोर्ड की ओर से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती निशा यादव, बोर्ड की सचिव श्रीमती शारदा प्रजापति, सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार, डिप्टी एसएमओ डॉ विकास गुप्ता एवं अनेक अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# 14 किलो के सिलेंडर में 10 किलो घरेलू गैस देने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियां अब घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के LPG गैस सिलेंडर में 10 किलो गैस भरकर देने की तैयारी कर रही है। इसका मकसद लिमिटेड स्टॉक को ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक पहुंचाना है।

इसके साथ ही सिलेंडर के दाम भी कम किए जा सकते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, तेल कंपनियों का मानना है कि 14.2 किलो का सिलेंडर औसतन 35 से 40 दिन चलता है। अगर इसमें सिर्फ 10 किलो गैस भरी जाए, तो एक परिवार का काम लगभग एक महीने तक चल जाएगा। इससे जो गैस बचेगी, उसे उन घरों तक पहुंचाया जा सकेगा जहां किल्लत है।

**वैश्विक संकट** | मध्य पूर्व संघर्ष तेज होने से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

# सेंसेक्स 1,836 अंक गिरा, निवेशकों के 13.65 लाख करोड़ रुपए डूबे

पंचकूला ऑब्जर्वर

**मुंबई, 23 मार्च।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्षों के कारण हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष के तेज होने से घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी 50 और सेंसेक्स में 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले बीते 19 मार्च को भी बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2.46 प्रतिशत या 1,836.57 अंक गिरकर 72,696.39 पर था, तो वहीं एनएसई निफ्टी 2.60 प्रतिशत यानी 601.85 अंकों की गिरावट के साथ 22,512.65 पर था।



अमेरिकी-ईरान युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने के कारण महंगाई की आशंका ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया, जिसके चलते सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली और बाजार लगभग 2.5 प्रतिशत गिर गया। इंट्रा-डे कारोबार में सेंसेक्स 73,732.58 पर खुलकर एक समय 1974.5 अंक यानी 2.64 प्रतिशत गिरकर 72,558.44 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी50 22,824.35 पर खुलकर एक समय 643 अंक या 2.75 प्रतिशत गिरकर 22,471.25 पर आ गया।

### सोने में 12 हजार और चांदी 31 हजार रुपए सस्ती

अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 12,077 रुपए घटकर 1.35 लाख रुपए पर आ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 40 साल में सोने के कीमत में इतनी बड़ी गिरावट हुई है। इससे पहले इसकी कीमत 1.47 लाख थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 30,864 रुपए घटकर 2.01 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.32 लाख रुपए किलो थी। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 24 दिन में 23,956 और चांदी 65,200 सस्ती हुई है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं। ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट ब? जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

डीएम गगनदीप सिंह रंधावा आत्महत्या मामला

# पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर गिरफ्तार

■ लालजीत सिंह भुल्लर ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर पोस्ट डालकर दावा किया कि उन्होंने सरेंडर किया है

## गिरफ्तारी के बाद राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मंजूर किया भुल्लर का इस्तीफा



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब में वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (डीएम) गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड केस में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अमृतसर के डीसीपी रविंदर पाल ने कहा कि उन्होंने फतेहगढ़ साहब पुलिस की मदद से लालजीत सिंह भुल्लर को मंडी गोविंदगढ़ से गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने कहा कि भुल्लर को मंगलवार को कोर्ट में पेश करेंगे। उन्हें अमृतसर लाया जा रहा है। वहीं, लालजीत सिंह भुल्लर ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर पोस्ट डालकर दावा किया कि उन्होंने सरेंडर किया है। गिरफ्तारी के बाद राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने भुल्लर का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। गौरतलब है कि परिवार कल रंधावा के पोस्टमॉर्टम के लिए मान गया था। फिलहाल उनकी लाश अमृतसर के अस्पताल में रखी गई है। डीसीपी ने बंद कमरे में परिवार के साथ बात की।

डीसीपी परिवार से गगनदीप का मोबाइल भी लेना चाहते थे। उन्होंने ने कहा कि उसमें कुछ सबूत हो सकते हैं। लेकिन परिवार ने देने से मना कर दिया। पत्नी ने कहा कि सीबीआई से जांच कराई जाए। अब इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा सकती है।

### सांसद मुझे लिखकर देंगे तो में सीबीआई जांच करा दूंगा: शाह

कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला ने लोकसभा में गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या मुद्दा उठाया। जिसके बाद अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि यह पंजाब राज्य का मामला है। पंजाब के सारे सांसदों से मेरा निवेदन है कि मुझे लिखकर दे दें, मैं केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दूंगा। इसके बाद कांग्रेस के 7 में से 4 सांसदों ने अमित शाह को लेटर भेज दिया। लेटर पर जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी, गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला और पटियाला से सांसद धर्मवीर गांधी के साइन हैं। इसके साथ अकाली दल की बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भी लेटर लिखा।

### एम्स या पीजीआई से करवाया जाए पोस्टमॉर्टम : बिक्रम मजीठिया

शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया ने कहा कि एक काबिल और ईमानदार अफसर को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया, डराया-धमकाया गया और अंत में उन्हें आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद परिवार को एफआईआर दर्ज करवाने के लिए भटकना पड़ा। अब तक केवल लालजीत भुल्लर की गिरफ्तारी हुई है, जबकि उनके पिता और इस साजिश में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी अभी बाकी है। जब रंधावा ने डीसी तरनतारन साहिब और अपने विभाग के एमडी को पत्र लिखकर मंत्री द्वारा की जा रही ज्यादती के बारे में बताया, तो इंटेलिजेंस और एडीएचओसी डीजीपी ने कार्रवाई क्यों नहीं की? मुख्यमंत्री कार्यालय ने कार्रवाई क्यों नहीं की? मैं आज भी इस मामले की स्वतंत्र जांच या सीबीआई जांच की मांग करता हूं। परिवार की इच्छा के अनुसार डॉ. रंधावा का पोस्टमॉर्टम एम्स या पीजीआई के बोर्ड से कराया जाए।

### पत्नी ने दिया था अल्टीमेटम

रंधावा की पत्नी उपिंदर कौर ने कहा कि जब तक लालजीत भुल्लर और उनके पिता सुखदेव भुल्लर की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वह पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। पत्नी ने अमृतसर में घर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि मंत्री भुल्लर को गिरफ्तार करो वर्ना वह 2 बेटियों व एक बेटे को लेकर सड़क पर बैठ जाएंगी। रंधावा ने 21 मार्च की सुबह सुसाइड किया था। इसके बाद सीएम भगवंत मान ने ट्रांसपोर्ट मंत्री लालजीत भुल्लर से इस्तीफा ले लिया। देर रात मंत्री भुल्लर, उनके पिता सुखदेव भुल्लर और पीएम दिलबाग पर केस दर्ज कर लिया।

### मंत्री की गिरफ्तारी बड़ी जीत: प्रताप सिंह बाजवा

भुल्लर की गिरफ्तारी पर नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लिखा- यह पंजाबी लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ी जीत है। आम आदमी पार्टी को अपना रुख बदलना पड़ा और अपने ही मंत्री को गिरफ्तार करना पड़ा। लेकिन हम सतर्कता कम नहीं करेंगे। भगवंत मान अभी भी उसे बचाने की कोशिश कर सकते हैं। अगर मान और उनके अधिकारियों ने गगनदीप की बार-बार की गई अपीलों को नजरअंदाज न किया होता, तो एक कीमती जान बचाई जा सकती थी।

# राजनीतिज्ञों ने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह को नजरअंदाज किया: सीएम मान

■ अगर शहीद-ए-आज़म भगत सिंह भारत के पहले प्रधानमंत्री होते तो देश की तस्वीर कुछ और होती



पंचकूला ऑब्जर्वर

**खटकड़ कलां, 23 मार्च।** खटकड़ कलां में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह दिन देश को उन महान बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत हमें आज़ादी मिली। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के आदर्शों को अपनाएं और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस दिखाएं। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं है, बल्कि उनके विचारों और संघर्ष की भावना को अपने जीवन में उतारने का भी समय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कई नेताओं के नाम पर भव्य स्मारक बनाए गए, लेकिन शहीद-ए-आज़म भगत सिंह को वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। उन्होंने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि आज तक इन महान क्रांतिकारियों को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि स्वतंत्रता के शुरुआती वर्षों में देश की कमान ऐसे साहसी और दूरदर्शी युवाओं के हाथों में होती, तो भारत का विकास और स्वरूप आज कहीं अधिक मजबूत और प्रगतिशील होता। भगवंत सिंह मान ने अपने संबोधन में युवाओं की शक्ति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि देश की असली ताकत उसकी युवा पीढ़ी में निहित है। उनका मानना है कि यदि आज़ादी के बाद नेतृत्व युवाओं को सौंपा गया होता, तो भारत वैश्विक मंच पर अग्रणी राष्ट्रों में शामिल होता। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने भीतर देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करें और समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान दें। मुख्यमंत्री ने उन विचारों की आलोचना की जिनमें यह दावा किया जाता है कि भारत को वास्तविक आज़ादी हाल के वर्षों में मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दृष्टिकोण स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों को कमतर आंकने जैसा है। उनके अनुसार, जिन लोगों ने आज़ादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं दिया, वे इस प्रकार के दावे कर इतिहास को विकृत करने का प्रयास कर रहे हैं।

### शिक्षा: स्थायी परिवर्तन का आधार

अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने शिक्षा को समाज में स्थायी बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि मुफ्त सुविधाएं अस्थायी राहत दे सकती हैं, लेकिन शिक्षा ही लोगों को सशक्त बनाकर गरीबी और सामाजिक बुराइयों से स्थायी मुक्ति दिला सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और हर वर्ग तक इसे पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

### स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने नागरिकों के लिए 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया है, जिससे लोगों को इलाज के लिए आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अब तक 65,000 सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं, जो युवाओं को रोजगार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### लोकतंत्र और नागरिक जिम्मेदारी

भगवंत सिंह मान ने शहीदों के बलिदान को लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ते हुए कहा कि आज हमें वोट देने का जो अधिकार मिला है, वह इन महान क्रांतिकारियों की देन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का उपयोग जिम्मेदारी से करें और किसी भी प्रकार के लालच या दबाव में आकर अपने वोट का दुरुपयोग न करें।

# जीरकपुर में तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, चालक हुआ फरार

**जीरकपुर, 23 मार्च।** एयरोसिटी क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा जीरकपुर-मोहाली एयरपोर्ट रोड पर उस समय हुआ जब दो युवक पैदल पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। मृतक की पहचान शीश पाल (उम्र लगभग 41 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पेशे से भवन चित्रकार था। वह अपने चचेरे भाई विनोद के साथ एयरोसिटी स्थित अपने निवास से एचपी पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था। जैसे ही दोनों मुख्य सड़क पार कर रहे थे, तभी जीरकपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने शीश पाल को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शी और शिकायतकर्ता विनोद के अनुसार, कार चालक बेहद तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि शीश पाल सड़क के डिवाइडर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक कुछ दूरी पर कार रोककर खड़ा हुआ। घटना के तुरंत बाद राहगीरों की मदद से घायल शीश पाल को उसी कार में चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में आरोपी चालक, मौका मिलते ही बिना किसी को सूचना दिए वहां से फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में विनोद ने बताया कि वह आरोपी चालक को पहचान सकता है, यदि वह सामने आता है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# जालंधर में कॉन्स्टेबल की पिटाई, फर्जी नाका लगाकर वसूली करते पकड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**जालंधर, 23 मार्च।** जालंधर में नकोदर रोड पर पंजाब आर्म्ड पुलिस के एक कर्मचारी को फर्जी नाका लगाकर लोगों से अवैध वसूली करते पकड़ा। स्थानीय लोगों और एक निहंग सिंह ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने उसकी छित्तर परेड कर डाली। इस दौरान लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया।

आरोपी सिविल ड्रेस में वाहनों को रोकर वसूली कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही थाना लांबड़ा की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी का एक साथी मौके से भाग गया।



लोगों के अनुसार, रविवार रात पीएपी में तैनात एक कर्मचारी को सिविल वर्दी में नाका लगाकर राहगीरों को परेशान करते हुए पकड़ा गया। आरोपी एक अन्य साथी के साथ मिलकर आने-जाने वाले वाहनों को रोक रहा था और उनसे दस्तावेजों की चेकिंग के नाम पर पैसों की मांग कर रहा था। जब हंगामा बढ़ा तो आरोपी का साथी अपनी कार में सवार होकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पकड़े गए आरोपी ने पहले तो अपनी गलती मानी, लेकिन बाद में बचने के लिए झूठी कहानी गढ़ने लगा।

### निहंग सिंह बोले- पूछताछ करने पर आरोपी घबराया

घटना का शिकार हुए एक व्यक्ति ने बताया कि आरोपी ने उसे रोककर तलाशी ली और उसके दस्तावेज खंगाले। इसके बाद आरोपी ने उसे छोड़ने के बदले 700 रुपए की मांग की। इसी बीच वहां से गुजर रहे एक निहंग सिंह को भी आरोपी ने रुकने का इशारा किया। निहंग सिंह ने बताया कि उनके पास सभी वैध दस्तावेज थे, फिर भी आरोपी उनसे उलझने लगा। शक होने पर जब उन्होंने पूछताछ की और पुलिस को फोन करने की बात कही, तो आरोपी घबरा गया। निहंग सिंह की मुस्तैदी के कारण ही आसपास के लोग इकट्ठा हुए और फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ हुआ।

### पुलिस आरोपी को साथ ले गई

आरोपी के झूठ बोलने और पुलिस की वर्दी का रौब दिखाने पर लोग इतने आक्रोशित हो गए कि उन्होंने मौके पर ही उसकी छित्तर परेड कर दी। इस दौरान वह काफी देर तक अपना मुंह छिपाता रहा। सूचना मिलते ही थाना लांबड़ा की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई। बता दें कि जालंधर में यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले एक शिवसेना नेता की सुरक्षा में तैनात कर्मी भी इसी तरह के फर्जी नाके के मामले में पकड़ा जा चुका है।

# हिमाचल एंट्री टैक्स के खिलाफ प्रदर्शन तेज

पंचकूला ऑब्जर्वर

**रोपड़ (रूपनगर) 23 मार्च।** हिमाचल प्रदेश द्वारा लगाए गए एंट्री टैक्स के विरोध में पंजाब-हिमाचल सीमा पर विभिन्न संगठनों ने अपना संघर्ष तेज कर दिया है। इन संगठनों ने पंजाब सरकार से 'रेसिप्रोकल टैक्स' लागू करने और सीमावर्ती गांवों के निवासियों को टैक्स से छूट देने की मांग की है। इसी मुद्दे को लेकर 24 मार्च को सुबह घनौली-नालागढ़ हाईवे पर एक बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।



प्रदर्शनकारी घनौली टी-प्वाइंट पर इकट्ठा होकर हिमाचल बैरियर की ओर मार्च करेंगे और हिमाचल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में किरती किसान मोर्चा के हरप्रीत सिंह भट्ठो और जरनैल सिंह मग्रोड़ सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने सभी से इस आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

नेता गौरव राणा ने बताया कि 'पारस्परिक टैक्स' का अर्थ है कि यदि एक राज्य दूसरे राज्य के वाहनों से टैक्स वसूल करता है, तो दूसरा राज्य भी उसी अनुपात में पहले राज्य के वाहनों पर टैक्स लगाए। उनका कहना था कि यह नीति राज्यों के बीच संतुलन बनाए रखती है और किसी एक पक्ष को नुकसान नहीं होता। राणा ने यह भी मांग की कि सीमावर्ती गांवों के निवासियों को इस प्रकार के टैक्स से पूरी छूट दी जाए।

# भीड़ ने घेरा माइनिंग टीम को, मिट्टी से भरे वाहन लेकर आरोपी फरार, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया मामला दर्ज

पंचकूला ऑब्जर्वर

**डेराबस्सी, 23 मार्च।** डेराबस्सी क्षेत्र में माइनिंग कर रहे व्यक्तियों द्वारा चेकिंग कर रहे माइनिंग विभाग के अधिकारियों और टीम के साथ बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। माइनिंग अफसर द्वारा दी गई शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अवैध खनन करने का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

एएसआई परमजीत सिंह के अनुसार, पुलिस को दी गई शिकायत में माइनिंग अफसर धीरज सैनी (डेराबस्सी) ने बताया कि माइनिंग टीम द्वारा चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान एक टिप्पर को रोका गया, जिसमें मिट्टी भरी हुई थी। ड्राइवर पूछताछ के दौरान कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

उसे कार्रवाई के लिए टिप्पर को थाना डेराबस्सी ले जाने को कहा गया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। इस दौरान वहां काफी लोग इकट्ठा हो गए और माइनिंग कर्मचारियों को घेरकर गाली-गलौज करने लगे।

इसके बाद टिप्पर को मौके से ले जाकर फरार हो गए और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी मिट्टी सहित वहां से ले गए।

इस दौरान एक व्यक्ति ने अपना नाम लड्डू उर्फ सुरमुख बताया। इसके बाद पुलिस ने माइनिंग अफसर के बयान के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ माइंस एंड मिनरल्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गैंगस्टरां ते वार का 62 वां दिन: पंजाब पुलिस द्वारा 447 स्थानों पर छापेमारी; 186 गिरफ्तार

■ पुलिस टीमों ने 52 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की, 74 को पूछताछ के बाद किया रिहा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 23 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू किए गए निर्णायक %गैंगस्टरां ते वार% अभियान के 62वें दिन पंजाब पुलिस ने आज प्रदेश भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मैप किए गए 447 स्थानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि ÷गैंगस्टरां ते वार÷ ङ्क पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जो 20 जनवरी, 2026 को पुलिस निदेशक महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शुरू की थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्रवाइयां कर रही हैं। 62वें दिन, पुलिस टीमों ने 186 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 16,497 हो गई है।

इसके अलावा 52 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है, जबकि 74 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 3 भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया है। लोग एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना/जानकारी भी साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपना अभियान ÷युद्ध नशेयां विरुद्ध÷ को 387वें दिन भी जारी रखते हुए आज 102 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6.2 किलोग्राम हेरोइन, 10 किलोग्राम भुक्की, 2160 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 17,113 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ ही मात्र 387 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 55,152 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने आज 23 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार करवाने के लिए राजी किया है।

# फरीदकोट में हाथ पकड़कर ट्रेन के आगे कूदे सगे भाई

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फरीदकोट, 23 मार्च।** फरीदकोट में कर्ज से परेशान दो सगे भाइयों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने गांव ढाब ब्राह्मण वाला के पास रेलवे लाइन पर छिंदवाड़ा एक्सप्रेस के आगे कूदकर जान दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों भाई एक ही एक्टिवा पर सवार होकर रेलवे ट्रैक तक पहुंचे और एक-दूसरे का हाथ पकड़कर ट्रेन के आगे कूद गए। दोनों के टुकड़े-टुकड़े हुए।

सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए फरीदकोट के मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतकों की पहचान गांव हरीनौ निवासी जसकरण सिंह (38) और उनके छोटे भाई जसविंदर सिंह उर्फ जोरा सिंह (34) के रूप में हुई है। दोनों किसान थे। दोनों अपने पीछे अपनी पत्नियों के अलावा एक-एक छोटी बच्ची छोड़ गए हैं।



### 25 लाख लिया था कर्ज जो 50 लाख रुपए हो गया

जसकरण सिंह और जसविंदर सिंह के सिर पर लगभग 25 लाख रुपए का कर्ज था। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक इससे पहले कर्ज की रकम 50 लाख रुपए से भी अधिक थी और करीब तीन महीने पहले ही उन्होंने अपनी जमीन का एक हिस्सा बेचकर कुछ कर्ज उतारा था।

### नौ महीने पहले ट्रैक्टर खरीदा, आलू की फसल खराब

करीब नौ महीने पहले दोनों भाइयों ने एक नया ट्रैक्टर भी खरीदा था, जिसकी किस्तों को लेकर वे परेशान चल रहे थे। हाल ही में आलू की फसल खराब हो जाने के कारण वे मानसिक रूप से भी काफी दबाव में आ गए। ट्रैक्टर की किश्तें न जा पाने से बार-बार बैंक का फोन आ रहा था। इसके अलावा बाकी कर्ज न चुका पाने से परेशान थे। इसके चलते आत्मघाती कदम उठा लिया

### परिवार के पास जमीन कम थी

दोनों भाई साथ मिलकर खेती और अन्य काम करते थे। ग्रामीणों के मुताबिक, परिवार के पास जमीन कम थी, इसलिए वे ठेके पर जमीन लेकर खेती करते थे। खास बात यह थी कि दोनों भाई एक ही घर (सगी बहनों) में विवाहित थे, जिससे परिवार में बेहतर तालमेल था।

### आर्थिक सहायता और कर्ज माफी की मांग

गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान कुलदीप सिंह ने बताया कि दोनों भाइयों को कर्ज की तंगी ने तोड़ दिया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार का पूरा कर्ज माफ किया जाए और उन्हें उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### परिजनों के बयान के आधार पर की जाएगी कार्रवाई

जीआरपी चौकी के एएसआई और जांच अधिकारी रजिंदर सिंह बराड़ ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों के बयानों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर

### इंकलाब जिंदाबाद एक नारा नहीं, हर भारतीय के दिल की आवाजः रामचंद्र गुर्जर

**कैथल.** शहीदी दिवस के अवसर पर नई अनाज मंडी ढांड स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में आज भारत माता के अमर वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी कैथल जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने की। जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर व अन्य लोगों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को याद किया। इस मौके पर अपने संबोधन में कांग्रेसी नेता रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ये तीनों केवल नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा, एक जुनून और एक क्रांति के प्रतीक थे। उन्होंने हंसते-हंसते फांसी को गले लगाकर देश को आज़ादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहीदों का बलिदान हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि आज हम देश के लिए क्या कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ईमानदारी और समर्पण के साथ देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि इंकलाब जिंदाबाद केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय के दिल की आवाज है। शहीदों ने अपनी जवानी, अपने सपनों और अपना सब कुछ देश के लिए न्यौछावर कर दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और देशहित को सर्वोपरि रखेंगे।

### रक्तदान शिविर लगाकर मनाया शहीदी दिवस

**पिहोवा.** नगर में शहीदी दिवस मनाया गया। शहीद स्मारक पर जाकर शहीदो को पुष्प अर्पित करके श्रद्धाजलि दी गई। पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणी ने शहीद भगत सिंह , सुखदेव राजगुरू को श्रद्धाजलि देते हुए कहा कि इन शहीदो के बलिदान केकारण भारत को आजादी मिली । जिस कारण आज हम खुली हवा मे सांस ले रहे है। इस मौके पर विनोद प्रजापति,योगेश लक्की ,पार्षद दीपक महंत , राजेन्द्र बाखली ,शहीद सुशील के परिजनो सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। वहीं स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से संगठन मंत्री सोहनलाल गुप्ता के सानिध्य में रक्तदाने शिविर लगाया गया। इस मौके उप सिविल सर्जन कुरूक्षेत्र , डा0 जगमिन्द्र मलिक , अध्यक्ष हवा सिह सहित अनेक रक्तदाता मौजूद थे। रक्तदानी मनोज कुमार को 207 वीं बार रक्तदान करने पर सम्मानित किया गया।

### दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

**करनाल.** करनाल जिले के इंद्री क्षेत्र में हाल ही में गोवंश के कटे हुए सिर मिलने की अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील घटना सामने आई है। इस घटना ने क्षेत्र में आमजन के बीच गहरा आक्रोश उत्पन्न किया है तथा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। ऐसी घटनाएं समाज में आपसी सौहार्द को बिगाड़ने और कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। इस संबंध में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार ने करनाल के एसपी को पत्र लिखते हुए प्रशासन से मांग की है कि मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए। साथ ही दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। डॉ. सुनील पंवार ने यह भी कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का धार्मिक तनाव या हिंसा उत्पन्न न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सतर्कता बरती जानी चाहिए। अफवाहों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रशासन को प्रभावी संचार व्यवस्था एवं निगरानी तंत्र को भी मजबूत करना चाहिए। डॉ. पंवार ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल क्षेत्र में शांति, कानून-व्यवस्था एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखना है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि वह इस संवेदनशील मामले में तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई करेगा।

### ट्री गार्ड काटकर पेड़ को दर्द से राहत दिलवाई

**करनाल.** लक्ष्य जनहित सोसाइटी की ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम सेक्टर 13 पार्क नम्बर 5 में चली जहां बुरी तरह ट्री गार्ड से जख्मी हो चुके पेड़ो को ट्री गार्ड काटकर पेड़ को दर्द से राहत दिलवाई गई। सोसाइटी के फाउंडर चेयरमैन व इस मुहिम के प्रणेता दिनेश बक्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि लक्ष्य जनहित सोसाइटी द्वारा पेड़ो को दर्द से मुक्त करने का अभियान एक जुलाई में शुरू किया गया जो अभी तक निरंतर जारी है। इस मुहिम के साथ साथ पेड़ो से पोस्टर,कील ,पिन निकालने का अभियान भी सोसाइटी द्वारा चलाया गया है।अब तक 2829 पेड़ो को इस दर्द से मुक्त कर चुके है। दिनेश बक्शी ने आगे कहा कि करनाल, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, इंद्री, कुरूक्षेत्र के साथ साथ भिवानी में भी ट्री गार्ड काटे जा चुके है। एडवोकेट राजेश शर्मा ने बताया कि जब मुहिम शुरू की गई थी तब ऐसी उम्मीद नहीं थी कि मुहिम लंबे समय तक चलेगी लेकिन करनाल के लोगों का प्यार व आर्थिक सहयोग से ये मुहिम 2026 में पहुंच गई ओर अब लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी का कहना है कि जब तक करनाल व आस पास एक भी पेड़ ट्री गार्ड से जख्मी है तब तक मुहिम चलेगी। सोसाइटी के पैटर्न निशिकांत मित्तल ने उन सभी का धन्यवाद किया जिन्होंने इस मुहिम को सहयोग किया।

### नए कानून के खिलाफ ज्ञापन देने पहुंचे किसान

**निसंग.** किसान नेता किसानों की समस्या को लेकर ज्ञापन देने के लिए मार्केट कमेटी सचिव के पास पहुंचे। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान सरदार गुलजार सिंह व ब्लॉक प्रधान नरेश राणा अपने साथियों के साथ मिलकर हरियाणा सरकार के द्वारा मंडी में फसल लाने के नए नियम को लेकर नाराजगी दिखाते हुए निसिंग मार्केट कमेटी सचिव गौरव आर्य को ज्ञापन सौंपा। फसल लाने के लिए मंडी में नए नियम में सबसे पहले सभी किसान के ट्रैक्टरों पर नंबर लिखवाना अति आवश्यक है। दूसरा अंगूठे लगाने वाली जो प्रक्रिया है उसमें भी किसान ने पोर्टल करवाया था तब उसमें ऑप्शन नहीं था जिससे किसानों की परेशानी आ जाएगी जिससे मंडी में लंबी लाइन लग जाएगी और किसानों परेशान हो जाएगा।

### आयुष्मान योजना के नाम पर हो रहा स्कैम

**टोहाना.** टोहाना शहर में कई बड़े-बड़े हॉस्पिटलों वर्षों से (कार्यकर्त) संचलन में है जिनमें मरीज को हर सुविधा देने के नाम पर जी भर कर लूटा जाता है या फिर कहें की बड़ा स्कैम किया जाता है। सरकार द्वारा चलाई गई आयूषमान योजना के नाम पर मरीजों से भारी स्कैम किया जा रहा है जिस प्रकार अभी कुछ दिन पहले उकलाना के प्राइवेट अस्पताल द्वारा आयुष्मान योजना में कागजों में फर्जी भर्ती कर हजारों रुपए निकलवाने का मामला फर्जीवाड़ा सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच कर विभिन्न धाराओं में के तहत पुलिस ने मामला दर्ज कर सामने लाया था वैसे ही टोहाना शहर के कई निजी अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत स्कैम करने की खबरें हैं यदि सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम पोर्टल पर रजिस्टर्ड आयुष्मान योजना के सभी लाभित प्रार्थियों की सूची की क्रम बार जांच करें तो बहुत बड़े-बड़े स्कैम सामने आएंगे उकलाना स्कैम तो इसके आगे कुछ भी नहीं है टोहाना शहर का एक बच्चों का हॉस्पिटल आयुष्मान योजना के तहत छोटे-छोटे बच्चों को कुछ दिन ही नहीं कई कई दिन रखने के लिए मशहूर है वह भी सिर्फ आयुष्मान योजना का मोटा बिल बनाने के लिए इसलिए छोटे-छोटे बच्चों की सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम से प्रार्थना है कि ऐसे निजी अस्पतालों की जांच कर उन छोटे-छोटे बच्चों को शिकार होने से बचाए हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव टोहाना शहर के निजी हॉस्पिटलों की जांच अवश्य करवाएं।

# सतत कृषि ही भविष्य की समृद्धि का आधार : सैनी

## भिवानी जिले के गोकुलपुरा में 64 एकड़ में 11.67 करोड़ से स्थापित पोषक अनाज अनुसंधान केंद्र का हुआ उद्घाटन

### हकृवि हिसार में खरीफ कृषि मेला-2026 का आगाज

पंचकूला ऑब्जर्वर



**हिसार.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित खरीफ कृषि मेला-2026 का शुभारंभ करते हुए किसानों, वैज्ञानिकों और नवाचार को एक मंच पर लाने की पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि हिसार की मिट्टी मेहनत, पशुधन समृद्धि और वीर सैनिकों की कुर्बानियों की गवाही देती है। राखीगढ़ी हमारी प्राचीन सभ्यता का गौरव है, जबकि अग्रोहा की धरती महाराजा अग्रसेन के सामाजिक समरसता और व्यापारिक वैभव की कहानी कहती है। कृषि मेले में पहुंचने पर सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने शहीदी दिवस के अवसर पर अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग, कपास अनुभाग, तिलहन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा किसानों को जानकारी देने के लिए प्रकाशित की गई पुस्तकों का भी विमोचन किया। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्री बीआर कांबोज ने कृषि मेले में पहुंचने पर मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में समृद्ध किसानी का प्रतीक हल भी भेंट किया। उन्होंने कहा कि आज नवरात्रि के पावन अवसर पर मां स्कंदमाता की आराधना और शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस का संयोग हमें त्याग, तपस्या और समर्पण का संदेश देता है। इसी भावना के साथ कृषि मेले का आयोजन किया गया है, जो सतत कृषि-समृद्धि की राह विषय पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह मेला किसानों की मेहनत और वैज्ञानिकों की दूरदृष्टि का प्रतीक है। विश्वविद्यालय ने उन्नत बीज, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य और जलवायु-स्मार्ट कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भिवानी जिले के गोकुलपुरा में 64 एकड़ में 11.67 करोड़ रुपये की लागत से बने पोषक अनाज अनुसंधान केंद्र का भी उद्घाटन किया गया है। यह केंद्र मोटे अनाजों की रोग व कीट प्रतिरोधी किस्मों के विकास, मिलेट्स आटे की सेल्फ लाइफ बढाने के साथ-साथ उत्पादकों के लिए बाजार संपर्क स्थापित करेगा और उन्नत किस्मों के विकास और वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य करेगा। यह केंद्र मिलेट्स उत्पादों के प्रसंस्करण तथा वैल्यू एडिशन की आधुनिक तकनीकें भी विकसित करेगा। उन्होंने कृषि मेले में 42 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया, जिनमें 21 महिला किसान भी शामिल रहीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रदेश की प्रगति का प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज देश के खाद्यान्न भंडार में दूसरा सबसे बड़ा योगदान देने वाला राज्य बन चुका है। यह किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों के शोध और सरकार की नीतियों का परिणाम है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत-2047 के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि किसान इस लक्ष्य के आधार स्तंभ हैं। डबल इंजन सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए खेती को लाभकारी उद्यम में बदलने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कृषि क्षेत्र की चुनौतियों जैसे गिरता जल स्तर, मृदा उर्वरता में कमी और जलवायु परिवर्तन का जिक्र करते हुए आधुनिक और सतत खेती अपनाने पर जोर दिया। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, प्राकृतिक और जैविक खेती, तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग को समय की आवश्यकता बताया। मुख्यमंत्री ने फसल विविधीकरण और मेरा पानी-मेरी विरासत योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत किसानों को वैकल्पिक फसलें अपनाने पर 8 हजार रुपये प्रति एकड़ की सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 2.20 लाख एकड़ क्षेत्र में इस योजना के तहत 157 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। माइक्रो इरिगेशन तकनीकों पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है और जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को तालाब बनाने के लिए भी 85 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने धान, गेहूं के पारंपरिक फसल चक्र से बाहर निकलने के लिए किसानों का आह्वान किया, साथ ही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत दलहन फसलों के लिए 16 करोड़ 66 लाख रुपये तथा तिलहन फसलों के लिए 25 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए किसानों को 1 लाख से अधिक मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है और ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से 12 लाख किसानों को 1.64 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। फसल खरीद का भुगतान अब 48 घंटे के भीतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना के तहत 20 लाख किसानों को 7,562 करोड़ रुपये और फसल बीमा के तहत 16,160 करोड़ रुपये के क्लेम की राशि भी दी गई है। बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भावांतर भरपाई योजना के तहत 35 हजार से अधिक किसानों को 157 करोड़ रुपये की राशि भावांतर भरपाई के रूप में दी गई है। मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को मौसम की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत 21 फसलें कवर की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कृषि में ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एग्री-स्टार्टअप और फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। बजट में लिए गए निर्णयों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1 लाख 40 हजार एकड़ लवणीय व नमकीन भूमि को खेती योग्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत 2 हजार रुपये प्रति एकड़ अतिरिक्त बोनस देने का निर्णय लिया है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से जुड़े किसानों को जैविक खाद पर 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। इसी प्रकार से पी.एम. कुसुम योजना के तहत 35 हजार नए सौर ऊर्जा पंप लगाए जाएंगे। सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कृषि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए एग्री डिस्कॉम बनाने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती के लिए 2 हजार एकड़ का एक स्मार्ट एग्रीकल्चर क्लस्टर बनाया जाएगा। इसमें यदि किसानों को किसी प्रकार का भी नुकसान होगा, तो उसकी भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी।

इसी प्रकार से किसानों को एकल आंख विधि से गन्ने की बिजाई करने पर 3 हजार प्रति एकड़ की राशि को बढ़ाकर अब 5 हजार रुपये प्रति एकड़ किए जाने का भी निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे मेले में उपलब्ध नई तकनीकों और जानकारी का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाएं और सतत कृषि की दिशा में कदम बढ़ाएं। कृषि मेले के दौरान मुख्यमंत्री ने मेले में लगाई गई विभिन्न स्टॉल का भी निरीक्षण किया। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने खेती में कीटनाशकों व अत्यधिक खाद के प्रयोग तथा अंधाधुंध पानी के दोहन पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि हमने समय रहते वैकल्पिक उपाय नहीं किए तो हमारी जमीने बंजर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश होने के बावजूद भी हमें कई प्रकार की दाले और खाद बाहर से आयात करना पड़ता है।

## शहीदी दिवस पर हवन व गीतों के माध्यम से शहीदों को नमन

**घरौंडा.** घरौंडा के कम्युनिटी हाल में शहीदी दिवस के अवसर पर पंजाबी राजपूत महासभा की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर हवन के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। देशभक्ति गीतों से माहौल देशप्रेम से सराबोर रहा। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को उनके विशेष सहयोग के लिए सम्मानित भी किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई, जिसमें पंडित शंकर शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चारण किया। इसके बाद क्रांतिकारी आर्योपदेशिका विदुषी संगीता आर्य ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर शहीदों को नमन किया। उनके गीतों ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति का जोश भर दिया। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बड़खालसा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज हम जो आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह शहीदों की कुर्बानियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शहीदों ने देश की आजादी के लिए अनेक यातनाएं झेली, जिन्हें हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने लोगों से देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने और हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य सूचना आयोग के आयुक्त संजय मदान के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में प्राचार्य डॉ. खेम सिंह राणा, घरौंडा नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला शामिल रहे।

गुरुग्राम से पहुंचे स्वामी समर्पण देव ने युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वहीं संस्था के प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद चौहान ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे क्रांतिकारियों ने अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया, उसी तरह सभी को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुमेर चंद राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि राणा, प्रदेश महासचिव सतीश आर्य एडवोकेट, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुरूषोतम राणा, सुरेंद्र प्रधान, मनोहर लाल आढ़ती प्रधान,जसपाल, दीपक राणा, अरुण राणा, सोहन राणा सरपंच, अजय राणा सरपंच, पंजाब से राजकुमार, शिवपाल, प्रदीप डडियल, विजय राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिला में गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त, आमजन किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें : उपायुक्त

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल.** डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि जिला में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। जिला में गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को नियमानुसार 25 दिन बाद गैस सिलेंडर की आपूर्ति पहले की तरह हो रही है। आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। आमजन किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया कि वे आवश्यकता अनुसार सिलेंडर लें न कि इनका संग्रह करें। ऐसा करने से अन्य लोगों में भी भय का माहौल बनता है और लोगों में गैस सिलेंडर लेने की होड़ लग जाती है। जिला में रसोई गैस या पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक (डीएफएससी)मुकेश कुमार ने बताया कि जिला में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। जिला में 42 गैस एजेंसियां हैं और इन सभी अधिकृत गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर नियमित रूप से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। जिला में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, जमाखोरी व अनधिकृत प्रयोग पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला में विभिन्न टीमों द्वारा 55 सिलेंडर जब्त किए गए है। उन्होंने बताया कि जिला में कुल घरेलू गैस कनेक्शन 4 लाख 43 हजार 824 हैं। वही 3 हजार 333 वाणिज्यिक कनेक्शन हैं। उन्होंने बताया कि जिला में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था व्यवस्थित एवं संतुलित है। डीएफएससी मुकेश कुमार ने बताया कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 14 मार्च 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार पाइप्ड प्राकृतिक गैस कनेक्शन तथा घरेलू एलपीजी दोनों ही कनेक्शन रखने वाला कोई भी व्यक्ति, घरेलू एलपीजी कनेक्शन नहीं रखेगा। या किसी भी सरकारी तेल कम्पनी से अथवा उनके वितरकों के माध्यम से घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों का रिफिल प्राप्त नहीं होगा। ऐसे व्यक्ति जिनके पास दोनों ही रूप में कनेक्शन हैं। उनको अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को तत्काल वापस करना होगा। उन्होंने बताया कि सभी वाणिज्यिक/औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को अपने शहर में लागू सिटी गैस वितरण प्राधिकरण के साथ पीएनजी के लिए आवेदन करना होगा और पीएनजी प्राप्त करने के लिए तैयार होने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे, तभी वे कुल 50 प्रतिशत आवंटन से वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त करने के पात्र होंगे।

## पंजाबी सेवा सदन ने मनाया 14वां स्थापना दिवस

**कैथल.** पंजाबी सेवा सदन ने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में आरा एसोसिएशन के प्रधान सतीश सोनी ने मुख्य अतिथि व ईगल क्लब चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान अरविंद चावला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परूथी ने की। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संस्था के मुख्य संरक्षक इंद्रजीत सरदाना ने सदन परिसर में पहुंचे सदस्यों व मेहमानों का स्वागत करते हुए संस्था द्वारा चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। लव डांस एकेडमी के बच्चों ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि ने सामाजिक भाई चारे व एकजुटता पर अपनी बात रखी और कहा आज भाई चारा कायम रखना जितना जरूरी है उतनी एक जुट संगठित होने की भी जरूरत है।

उन्होंने बिखरते सामाजिक तानेबाने को लेकर चिंता व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि अरविंद चावला ने युवाओं को अपनी सोच को सही रास्ते ले जाने की बात कही व अच्छे संस्कार अपनाने, समाज हित में अच्छे कार्य करने, अग्रणी रह कर समाज सेवा करने पर बल दिया। चावला ने पंजाबी सेवा सदन की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था ने अपने सेवा प्रकल्पों के चलते उच्च मुकाम हासिल किया है। प्रदर्शन परूथी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रधान ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिए सहयोग को लेकर कार्यक्रम कमेटी व सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में भाग लेने वालों बच्चों को संस्था द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को राम दरबार के स्वरूप में सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरियाणा राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत छाबड़ा ने भी बहुत खूबसूरत ढंग से समाज हित बारे अपने विचार रखे।

## शहीदी दिवस पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**समालखा.** युवाओं के प्रेरणा स्रोत मा भारती के लिए अपने प्राण कुर्बान करने वाले महान सपूतो अमर शहीद राजगुरू, भगत सिंह, सुखदेव के बलिदान दिवस पर हल्के के गांव गांव पट्टीकल्याणा के पंचायत भवन में निशुल्क मैडिकल कैंप आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ बाबा बर्फी नाथ नें फीता काटकर रिंकू चौधरी के नेतृत्व में किया।रिंकू चौधरी नें जानकारी देते हुए बताया कि कैम्प में पानीपत के सुपर स्पेशलिस्ट पार्क हॉस्पिटल के एमबीबीएस डॉक्टर ने मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की। जिसमें आंखों व घुटनों का चैकअप किया गया।

## आईजी कॉलेज ने जीती ओवर ऑल ट्राफी

**कैथल.** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय में स्वर्गीय लाला अमर नाथ खुरानिया पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी व ज्यूरी सदस्य सेशन जज के 116वें जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. बलप्रीत सिंह मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, हरियाणा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी उपासना ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। साथ ही इस अवसर पर महिला महाविद्यालय समिति के प्रधान जगदीश बहादुर खुरानिया, कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया, नरेश कुमार सह सचिव महिला महाविद्यालय समिति, सुभाष शर्मा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट महिला महविद्यालय समिति, नरसी मित्तल ट्रेजरर महिला महविद्यालय समिति, राजीव लाटका वाइस प्रेसिडेंट महिला महविद्यालय समिति, सतीश कुमार चावला, सह सचिव महिला महविद्यालय समिति, कॉलेज प्रबंधक समिति के सचिव नरेंद्र मिलगलानी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ , हरियाणा, हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उत्सव में रोल प्ले, एकल नृत्य रिदमिक रेडियंस, हरियाणवी लोक गीत एकल, बिना आग के व्यंजन बनाना, पेंटिंग प्रतियोगिता, ऑन लाइन लोगो डिज़ाइनिंग प्रतियोगिता तथा ऑनलाइन डॉक्यूमेंट्री निर्माण प्रमुख रहीं।

### तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग संपन्न

## गीता हर युग और हर स्थान के लिए मार्गदर्शकः स्वामी ज्ञानानंद

पंचकूला ऑब्जर्वर



**कैथल.** भाई उदय सिंह किला में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जीओ गीता परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का रविवार देर शाम विश्राम हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। सत्संग के समापन अवसर पर महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि सत्संग का कभी समापन नहीं होता, बल्कि केवल विश्राम होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का उद्देश्य व्यक्ति के भीतर आत्मिक जागृति लाना है, जो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने भगवद गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता केवल किसी एक स्थान या समय के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व और हर युग के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने बताया कि गीता के उपदेश किसी दूत या आचार्य द्वारा नहीं, बल्कि स्वयं भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए हैं, जो इसकी दिव्यता को और अधिक बढ़ाते हैं। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि सनातन धर्म में एक ही परमात्मा है, लेकिन उसके अनेक रूपों और शक्तियों का वर्णन किया गया है, जिसे समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सनातन धर्म पर कटाक्ष करते हैं, लेकिन वास्तव में यह इसकी समृद्धि और व्यापकता का प्रतीक है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथियों में अशोक चावला, सांसद नवीन जिंदल के कैथल जिला प्रभारी रविंद्र धीमान एवं कैथल इंचार्ज अरविंद गोलन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, श्याम लाल बंसल, प्रमुख समाज सेवी सुधीर मेहता, अमरजीत छाबड़ा, राजकुमार मुखीजा, डॉ. सुदर्शन चुघ, डॉ. रोहित मेहता, संजय गर्ग, शरद बंसल, सोनू वर्मा, सुजीत कपूर, पार्षद प्रतिनिधि रजत थरेजा, पूर्व चेयरमैन नगर परिषद पवन थरेजा, सुषम कपूर, अशोक मित्तल, धर्मवीर केमिस्ट, इन्द्रजीत सरदाना, भारत भूषण टक्कर, महेन्द्र खन्ना, जितेन्द्र ढुल, सुभाष संधू, अधिवक्ता रंती रमन शर्मा, पवन बंसल, सतपाल भ्याना, जीएल चावला, जॉनी चुघ, कमल तनेजा, राजेश गोयल, प्रवीण चावला, कृष्ण नंदा, सोनू, कमल खनिजो, सुरेन्द्र, रिंकु टुटेजा, गुलशन पपरेजा, सुरेन्द्र खोखरी, सुभाष गोघ, राम लाल, यशपाल मित्तल, सुनील खुराना, पारस गाबा, सन्नी चुघ, गुलशन चुघ, संजय मदान आदि मौजूद रहे।


# स्मृति का खौफनाक ट्रेलर लॉन्च : दर्द, डर और बदले की कहानी, स्मृति ने छेड़ी इंसाफ की नई बहस


मुंबई में एक भव्य समारोह के बीच निर्माता-निर्देशक अजय राम की आगामी वेब सीरीज स्मृति का ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसने न सिर्फ अपने सस्पेंस और हॉरर से दर्शकों को चौंकाया, बल्कि एक बेहद गंभीर सामाजिक मुद्दे पर भी तीखी बहस छेड़ दी। महिला सुरक्षा और अपराध के खिलाफ कड़ा संदेश देती यह सीरीज भावनाओं, डर और न्याय की तलाश का ऐसा संगम पेश करती है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देगा। स्मृति का ट्रेलर बड़े ही भव्य अंदाज़ में लॉन्च किया गया। निर्माता, लेखक और निर्देशक अजय राम ने इस मौके पर समाज में बढ़ती बलात्कार की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई इस तरह का जघन्य अपराध करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सीरीज सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और एक मजबूत संदेश देने के उद्देश्य से बनाई गई है। स्मृति की कहानी एक ऐसी लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी एक दर्दनाक घटना के बाद पूरी तरह बदल जाती है। कभी खुशमिजाज रहने वाली यह लड़की परिस्थितियों की शिकार होकर न्याय की तलाश में एक अलग ही रास्ता चुनती है। कहानी में एक अनोखा मोड़ तब आता है जब वह भूत बनकर अपने साथ हुए अन्याय का बदला लेती है। यह ट्विस्ट सीरीज को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है, जहां डर, दर्द और प्रतिशोध का गहरा मेल देखने को मिलेगा।

सीरीज में मुख्य भूमिका निभा रहीं आयुशी तिवारी ने अपने किरदार को लेकर कहा कि स्मृति एक बेहद भावनात्मक और चुनौतीपूर्ण भूमिका है। उनका कहना है कि यह किरदार एक ऐसी लड़की की कहानी कहता है, जिसकी दुनिया अचानक उजड़ जाती है, लेकिन वह हार नहीं मानती और एक अलग रूप में सामने आती है। वहीं, निगेटिव किरदार में नजर आने वाले गौरव सिंह ने इस सीरीज के संदेश को बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव तभी संभव है जब लोग महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलें। उनके अनुसार, यदि हर व्यक्ति महिलाओं को सम्मान और संवेदनशीलता के साथ देखे, तो ऐसे अपराधों पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान सीरीज का एक भावनात्मक गीत पिया संग डोरी भी प्रस्तुत किया गया, जिसे आयुशी तिवारी पर फिल्माया गया है। इस गीत ने कहानी के भावनात्मक पक्ष को और गहराई दी और दर्शकों को किरदार के दर्द से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर कई जानी-मानी हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिनमें ब्राइट आउटडोर मीडिया के योगेश लखानी, एक्ट्रेस मधुमिता बिस्वास, निवान एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर विनोद नगर, एक्ट्रेस लिज़्ज़ा सिंह और संगीतकार मसूद इकबाल शामिल थे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक जरूरी और प्रभावी प्रयास बताया। सी.आर. फिल्म्स प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस वेब सीरीज में आयुशी तिवारी, गौरव सिंह, शुभांगी शर्मा, शिखर, असित कुमार प्रधान, ऋषभ शर्मा, हेमंत शर्मा, सिमरन, तनवी, अमन चौधरी और अंकित अग्रवाल जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सीआरएफ स्टूडियोज पर रिलीज होने वाली है।



# शिल्पा शेट्टी ने बताया रिवर्स हाइपर एक्सरसाइज का सही तरीका









अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपनी हेल्दी लाइफस्टाइल और नियमित योगाभ्यास से फैंस के दिलों में खास पहचान रखती हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर लोगों को योगा करने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। अभिनेत्री ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक फिटनेस वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में अभिनेत्री रिवर्स हाइपर एक्सरसाइज करती दिख रही हैं। इस वीडियो के जरिए उन्होंने न सिर्फ इस एक्सरसाइज को रिवर्स हाइपर करने का सही तरीका बताया, बल्कि इसके कई फायदों पर भी रोशनी डाली। अभिनेत्री ने इसे अंडररेटेड यानी कम चर्चित लेकिन बहुत प्रभावी व्यायाम बताया, जो खासकर नितंब (ग्लूट्स) को मजबूत बनाने के लिए आरामदायक है। शिल्पा ने लिखा, रिवर्स हाइपर के कई फायदे हैं। सबसे पहले, यह व्यायाम हिप एक्सटेंशन के जरिए ग्लूटस मैक्सिमस मांसपेशी को बहुत अच्छे से टारगेट करता है, जिससे नितंब मजबूत और आकर्षक बनते हैं। दूसरा, यह कमर के निचले हिस्से (लोअर बैक) के लिए काफी सुरक्षित माना जाता है। यह पोस्टीरियर चेन यानी पीठ, ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग्स को मजबूत बनाता है और रीढ़ की हड्डी पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ता। उन्होंने आगे लिखा, इसके अलावा, यह व्यायाम स्क्वाट्स, डेडलिफ्ट्स जैसी भारी एक्सरसाइज को करने में मदद करता है और हिप एक्सटेंशन की ताकत बढ़ाता है। साथ ही, यह संतुलित पोस्टीरियर चेन बनाता है, यानी ग्लूट्स, हैमस्ट्रिंग्स और लोअर बैक को एक साथ एक्टिवेट करता है। आखिर में नियंत्रित तरीके से करने पर लोअर बैक की जकड़न कम होती है, जिससे खून का बहाव बेहतर होता है और रीढ़ को अच्छा सपोर्ट मिलता है। अभिनेत्री ने इसे घर पर या जिम में आसानी से करने का भी आसान तरीका बताया। उन्होंने लिखा, ग्लूट्स की ताकत से ऊपर उठाएं। ऊपर पहुंचकर 1-2 सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे नीचे लाएं। उन्होंने सेट्स और रेप्स की डिटेल देते हुए लिखा, 3 सेट में 15 से 18 रेप्स करें। कंट्रोल के साथ ऊपर उठाएं। अब ऊपर 1-2 सेकंड होल्ड करें और धीरे-धीरे नीचे आएं।

# आसान नहीं था टीवी से बॉलीवुड का सफर, उल्का गुप्ता ने सुनाई अपनी कहानी

एक्टिंग इंडस्ट्री में हर कलाकार की जर्नी अलग होती है। कुछ लोग फिल्मों के जरिए पहला कदम रखते हैं तो कुछ टीवी से अपने करियर की शुरुआत करते हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म में पहचान बनाकर दूसरे प्लेटफॉर्म में पैर जमाना आसान नहीं होता। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों में कदम रखना चुनौती भरा अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी और धीरे-धीरे फिल्मों में पहचान बनाने लगी।

उल्का गुप्ता ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में अपने करियर के अब तक के सफर को याद किया। उल्का गुप्ता ने कहा, टीवी से फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने कई सालों तक छोटे पर्दे पर काम किया है और अभिनय की बारीकियां सीखी हैं, लेकिन जब फिल्मों में आने की बारी आई तो मुझे कई ऑडिशन्स से गुजरना पड़ा और खुद को साबित करना पड़ा। आज मैं जहां खड़ी हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है।

बता दें कि उल्का गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय टीवी शो झांसी की रानी से की थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के किरदार मणिकर्णिका की भूमिका निभाई थी। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो को लेकर उन्होंने कहा, इस शो ने मेरे करियर को एक मजबूत नींव दी है और मेरी एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है। उन्होंने अपना फिल्मी सफर सिम्बा से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने एक्टर रणवीर सिंह की बहन का रोल निभाया था। केरल स्टोरी 2 फिल्म में उन्होंने सुरेखा का किरदार निभाया।

इसे लेकर उन्होंने कहा, फिल्में समाज का आईना होती हैं। समाज में जो कुछ भी घटित होता है, वही फिल्मों के जरिए दिखाया जाता है। फिल्में समाज की सचाई को सामने लाती हैं और कई बार समस्या का हल भी दिखाने की कोशिश करती हैं।



# सपनों को उड़ान देने के लिए पंख जरूरी और ये पंख हमारे अपने होते : दिव्या दत्ता

सपनों को पूरा करने की दौड़ में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में अगर किसी का सहारा मिले तो संघर्ष कुछ हद तक आसान लगने लगता है। यही बात बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि टैलेंट के साथ-साथ अगर किसी का साथ मिल जाए तो इंसान कामयाबी हासिल कर सकता है। दिव्या दत्ता ने कहा, हर इंसान के अंदर टैलेंट जरूर होता है, लेकिन उसे पहचानने के लिए किसी अपने का साथ जरूरी होता है। जब किसी व्यक्ति को परिवार का साथ मिलता है तो उसका आत्मविश्वास और हौसला दोगुना हो जाता है। सपनों को उड़ान देने के लिए पंख चाहिए होते हैं, और ये पंख हमारा अपना परिवार और अपने ही लोग ही होते हैं। दिव्या दत्ता ने अपना अनुभव भी साझा किया। उन्होंने कहा, मैंने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोगों को देखा है कि वे किस तरह अपनी पहचान बना रहे हैं। कोई गृहिणी अपने कुकिंग टैलेंट को दुनिया के सामने ला रही है, तो कोई ट्रैवल ब्लॉग के जरिए लोगों के बीच अपनी पहचान बना रहा है। इन सभी कहानियों में एक चीज समान है, और वो है अपने परिवार और करीबियों का साथ... इस साथ के जरिए उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत मिलती है। उन्होंने कहा, मैंने अक्सर देखा है कि लोग अपनी ही दुनिया में सिमटे रहते हैं और ये मानकर बैठे रहते हैं कि उनकी परेशानियां और संघर्ष सबसे बड़े हैं, लेकिन जब हम दूसरों की कहानियों को देखते हैं, तब पता चलता है कि हर किसी की अपनी-अपनी लड़ाई है, जिसे लड़कर वह आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में अगर किसी को थोड़ा सा भी सहारा मिल जाए तो वह बड़ी से बड़ी मुश्किल को पार कर सकता है। इस बातचीत में फिल्ममेकर सशांत शाह ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, आज के समय में सोशल मीडिया एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन चुका है। यहां हर किसी के टैलेंट को मौका मिलता है, लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि टैलेंट को सही समर्थन भी मिले। अगर किसी के अंदर काबिलियत है तो उसे आगे लाने के लिए किसी का साथ मिलना बहुत जरूरी है।



## धुरंधर- द रिवेंज की सफलता के बीच रणवीर सिंह का बड़ा खुलासा, बताया क्यों रह गए थे दंग

स्पाई एक्शन थ्रिलर बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर- द रिवेंज रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस में ताबड़तोड़ कमाई करने में जुटी है। फिल्म की कहानी और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय से धुरंधर का जादू हर भारतीय के सर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म में जियोपॉलिटिकल मुद्दे, गुप्त ऑपरेशन और देशभक्ति के तत्व मजबूती से उठाए गए हैं। ऐसे कई संवेदनशील और आम लोगों की पहुंच से दूर के मुद्दों को फिल्म में दिखाया गया है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। सोमवार को निर्देशक आदित्य धर ने रणवीर का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इस वीडियो में रणवीर ने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ने और कहानी सुनने के अनुभव को बताया। दरअसल, ये वीडियो एक इवेंट का है, जिसमें रणवीर कहते हैं कि जब उन्होंने पहली कहानी सुनी थी, तो वे इसे सुनते ही हैरान रह गए थे। जब सर ने मुझे ये कहानी सुनाई, मैं तो हक्का-बक्का रह गया था।

# डायबिटीज से लेकर दिल तक, हर समस्या का इलाज है ये देसी ड्रिंक

आजकल बढ़ते प्रदूषण और खराब लाइफस्टाइल के चलते हुए लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है, जिस वजह से लोग बहुत जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। आयुर्वेद में कुछ ऐसे नेचुरल उपाय बताए गए हैं, जो बेहद असरदार हैं। ऐसा ही एक देसी उपाय है मेथी दाना का पानी। सुबह खाली पेट इस पानी को पीना न सिर्फ सेहत के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह कई गंभीर बीमारियों से भी बचाव करता है। मेथी दाना में एक खास तरह का फाइबर होता है जिसे गैलेक्टोमैनन कहा जाता है। यह फाइबर ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है। अगर रोज सुबह मेथी दाना का पानी पीते हैं तो शुगर लेवल ज्यादा बढ़ने नहीं पाता। यह इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाता है और शुगर स्पाइक्स को रोकता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए यह किसी रामबाण से कम नहीं है। वजन कम करने वालों के लिए भी यह पानी बेहद उपयोगी है। मेथी पानी मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और भूख को कंट्रोल में रखता है। जब भूख कम लगेगी तो अनावश्यक कैलोरी भी कम खाएंगे। इसके नियमित सेवन से धीरे-धीरे वजन कम होना शुरू हो जाता है। मेथी पानी पाचन तंत्र के लिए भी बहुत फायदेमंद है। अगर आपको गैस, अपच, एसिडिटी या कब्ज की समस्या रहती है, तो यह पानी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद सॉल्यूबल फाइबर पेट की सफाई करता है और पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है। रोजाना खाली पेट पीने से पेट हल्का लगता है और गैस या भारीपन की समस्या कम हो जाती है। हार्ट पेशेंट्स के लिए भी यह पानी फायदेमंद है। मेथी दाने में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं और दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को घटाते हैं। यह ब्लड प्रेशर को संतुलित रखता है और हार्ट अटैक के जोखिम को कम करने में मदद करता है।इसके अलावा, जो लोग गठिया या जोड़ों के दर्द से परेशान हैं, उनके लिए भी मेथी पानी लाभकारी है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन और दर्द को कम करते हैं। हड्डियों को मजबूत बनाने में भी मदद मिलती है।





प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com